fcgkj ljdkj

eaf=eaMy lfpoky; foHkkx

<u>जन शिकायत कोषांग</u>

राज्य स्तर पर मुख्य सचिव के सूचना सह जन शिकायत कोषांग का गठन अप्रैल 2006 में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अर्न्तगत किया गया है। इसी प्रकार सभी विभाग तथा प्रमंडल एवं जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड एवं थाना स्तर तक जन शिकायत कोषांग का गठन किया गया है।

विकास की ओर उत्तरोत्तर अग्रसर होने के क्रम में नवीन सूचना प्रावैद्यिकी को उपयोग में लाते हुये राज्य स्तर से प्रखण्ड स्तर तक के सभी जन शिकायत कोषांगों को जोड़ने की योजना है। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि सभी जन शिकायत मामलें एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध हों तथा आवेदक अपने आवेदन की स्थिति स्वंय कही से भी देख सकें।

मुख्य सचिव के जन शिकायत कोषांग का एक अपना वेबसाईट भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से भी आवेदन प्राप्त हो रहे है।